Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**SY-05**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2022**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**PART – I**

(अ) **1** से **6** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न का **1** स्कोर । **(4 × 1 = 4)**

1. 'मातृभूमि' के रचयिता कौन हैं ?

   (डॉ. जे. बाबू, मैथिलीशरण गुप्त, अमृता प्रीतम)

2. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किस विधा की रचना है ?

   (आत्मकथा, कविता, नाटक)

3. 'सपने का भी हक नहीं' कविता में मज़दूरिन की नींद कैसे टूटी ?
(पति के आने पर, बैंक की नोटिस के आने पर, मकान मालिक के आने पर)

4. किसने कैदी बाप को खत भेजा ?

5. हिमांशु जोशी को कौन सा शहर भारतीय शहर जैसा लगा ?

6. राजवंती प्यार से मुरकी को क्या बुलाती थी ?

(आ) **7** से **10** तक के प्रश्नों में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न का **1** स्कोर । **(4 × 1 = 4)**

7. इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?
(नारियल, अगरबत्ती, कुमुद फूल)

8. राहगीरों को पानी कौन पिलाता है ?
(स्कूटरवाला, अध्यापक, लेखिका)

9. कवि कूली को कैसे पहचानता है ?
(आवाज़ से, नंबर से, नाम से)

10. 'दवा' पाठ में अस्पताल में कौन भर्ती हुआ है ?
(कूली, स्कूटरवाला, कवि अनंग)

## PART – II

(अ) **11** से **15** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **2** स्कोर । **(3 × 2 = 6)**

11. "खत क्या भेजा, मेरी जान, आँसूनामा था । तीन दफा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया" – बादशाह ऐसा क्यों कहते हैं ?

12. 'वह अब गिरमिटिया श्रमिकों की ही नहीं, शासकों, राष्ट्राध्यक्षों की भी भाषा बन गई है ।' लेखक ने सूरीनाम में हिन्दी के महत्व के बारे में क्या कहा है ?

13. "कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी । फिर दूसरों की ज़मीन में क्या जाना ।" पिताजी के इस कथन का क्या तात्पर्य है ?

14. 'फिर कोई और स्त्री उसकी नज़र में बैठ गई । मुरकी को दशहरे का मेला दिखाने के लिए ले गया और रात को सराय में छोड़ दिया ।' मुरकी सराय में कैसे पहुँच गयी ?

15. खाना-पीना साथ है

मरना-जीना साथ है

सारी ज़िंदगी-दोस्ती की विशेषताएँ लिखें ।

(आ) **16** से **18** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **2** स्कोर । **(2 × 2 = 4)**

16. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| (क) मशकवाला स्कूटर | • आदमी का चेहरा |
| (ख) हास्य व्यंग्य कहानी | • वह भटका हुआ पीर |
| | • दवा |

17. पात्र से संबन्धित सही प्रस्ताव चुनें ।

| | |
|---|---|
| (क) फूल बेचनेवाली लड़की | • सामान उठाना |
| (ख) अनंग | • पूजा द्रव्य बेचना |
| | • कविता सुनाना |

18. 'मेरी ओर बढ़ाते फूल और
उसके मुखड़े दोनों को देखा मैंने
हाय ! मुरझा रहे
दो सुरम्य सुकोमल रूप !'
यहाँ दो सुरम्य सुकोमल रूप कौन–कौन से हैं ?

## PART – III

(अ) **19** से **23** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **4** स्कोर । **(3 × 4 = 12)**

19. ये कथन पढ़ें और 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ के पिता के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी ।
- खेतों में पहुँचकर वे सूर्यास्त तक उन खेतों में टहलते रहे ।

20. जीवन–वृत्त पढ़ें और आनंद बख्शी के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | आनंद बख्शी |
| जन्म | : | 1930 |
| जन्म–स्थान | : | रावलपिंडी, पाकिस्तान |
| पुरस्कार | : | फिल्म फेयर |
| | | ऐ.ऐ.एफ.ए. पुरस्कार |
| मृत्यु | : | 2002 को मुंबई में |

21. पद पढ़ें और सूरदास के वात्सल्य का वर्णन करें ।
सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' श्याम किलकित द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

22. "कानों में चाँदी की मुरकियाँ पहने थी और नाक में सोने का छोटा-सा बुलाक ।" मुरकी का रूप-वर्णन करें ।

23. 'रसोई यदि बैठक के

निकट रखती तो

पूजा का कमरा कहाँ होगा ?'

कवितांश का तात्पर्य क्या है ?

(आ) **24** से **25** तक के प्रश्नों में से किसी **1** का उत्तर लिखें । **4** स्कोर । **(1 × 4 = 4)**

24. अंग्रेजी खंड का अनुवाद हिंदी में करें :

General Bipin Rawat was the first Chief of Defence Staff of India. He was born on 16 March, 1958 in Uttarakhand. His father Sri. Laxman Singh Rawat had also served in the army. General Rawat joined in Indian Army in 1978. He died in a helicopter crash on 8$^{th}$ December, 2021 in Coonoor, district of Tamil Nadu.

[Chief of Defence Staff – रक्षा प्रमुख, Helicopter crash – हेलिकॉप्टर दुर्घटना]

25. हाइकू पढ़ें और आशय लिखें ।

नभ गुँजाती

नीड़ गिरे शिशु पै

मँडराती माँ ।

## PART – IV

(अ) **26** से **29** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **6** स्कोर । **(3 × 6 = 18)**

26. शहरी लड़का मुरकी को सराय में छोड़कर चला गया । मुरकी राजवंती के घर वापस आयी । इस प्रसंग में मुरकी और राजवंती के बीच का वार्तालाप लिखें ।

27. शादी की तैयारियाँ देखकर दीदी का मन संघर्ष से भरा । अपने संघर्ष के बारे में दीदी आत्मकथा में लिख रही है । संकेतों के आधार पर दीदी का आत्मकथांश लिखें ।

- भाई और माता–पिता का प्यार
- परिवार से बिछुड़ने का दु:ख
- ससुराल के प्रति आशंका

28. आपके स्कूल में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' का आयोजन हो रहा है । स्कूल के प्राचार्य इसका उद्‌घाटन करेंगे । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

29. गद्यांश पढ़ें और संक्षेपण करें ।

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का एक वचन दिया था, और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाएँ, पूरी तरह न सही, लेकिन बहुत हद तक आज रात बारह बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा ।

(आ) **30** से **32** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **6** स्कोर । **(2 × 6 = 12)**

30. सही मिलान करें ।

| | | |
|---|---|---|
| Certificate | – | विषाणु |
| Discount | – | बीज गणित |
| Ratio | – | प्रमाण–पत्र |
| Algebra | – | विषम संख्या |
| Virus | – | अनुपात |
| Odd number | – | बट्टा |

31. सिलवर कंपनी की ओर से बाज़ार में एक इलेक्ट्रिक स्कूटर आनेवाली है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें ।

- 60 km माइलेज (Mileage)
- बढ़िया इंजिन क्षमता
- फुल चार्ज में 200 km तक दौड़ना

32. संकेतों के आधार पर 'परिश्रम का महत्व' विषय पर लेख लिखें ।

- परिश्रम जीवन की सफलता
- मेहनत करनेवाले मज़दूर, रेलवे कूली, किसान आदि
- हर काम का अपना अपना महत्व

## PART – V

**33** से **35** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **8** स्कोर । **(2 × 8 = 16)**

33. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें :

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य–चंद्र मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग–वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

34. बेटी की और ज़मीन की विदाइयों पर पिता दुःखी है । वह अपना दुःख डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- बेटी की शादी होना
- ज़मीन की बिक्री
- पैसे की कमी
- ज़मीन और बेटी से लगाव

35. विश्व हिन्दी सम्मेलन के बाद लेखक अपने अनुभव के बारे में मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र लिखें ।

- सम्मेलन का अनुभव
- राष्ट्रपति का भाषण
- हिन्दी का प्रचार
- हिन्दी के प्रति सूरीनामी लोगों का प्रेम